BEST TO WAIT!

इंतजार करना अच्छा है!

Once upon a time there lived a cockerel and
a pullet, brother and sister.

एक समय की बात है, एक मुर्गा और एक मुर्गी,
दो भाई और बहन रहते थे.

One day when the cockerel was running about the yard he found some greenish currents and began to peck them.

“Don’t eat those, Cockie,” the little pullet warned him, “wait until they are ripe.”

एक दिन जब मुर्गा आँगन में दौड़ रहा था तो उसे कुछ हरे रंग के फल मिले और वो उन पर चोंच मारने लगा.

"उन्हें मत खाओ, कॉकी," छोटी मुर्गी ने उसे चेतावनी दी, "जब तक वे पक न जाएं तब तक तुम प्रतीक्षा करो."

But the cockerel did not heed her; he pecked and pecked,

and then—well, he could hardly drag himself home!

परन्तु मुर्गे ने उसकी बात न मानी; उसने चोंच मारी और मारी, और
फिर क्या हुआ, वो बड़ी मुश्किल से खुद को घर तक खींचकर ले जा पाया!

“Oh, oh,” he groaned, “I have such a dreadful tummy-ache, Sister! Oh dear, oh dear!”

“ओह, ओह,” वो कराह उठा, “मेरे पेट में बहुत भयानक दर्द हो रहा है, बहन! मेरी मदद करो, बहन.”

The little pullet gave him a hot peppermint drink, and put a mustard plaster on the place that hurt, and it passed away.

छोटे मुर्गी ने उसे गर्म पुदीने का रस पिलाया, और चोट वाली जगह पर सरसों का प्लास्टर लगाया, फिर जाकर उसका दर्द कम हुआ.

When he was quite well again Cockie went out into the fields; he ran about, he jumped about, even flew about a little until he was quite hot. So off he went to the river to get a drink of cold water.

जब वो बिल्कुल ठीक हो गया तो फिर कॉकी से खेतों में मस्ती करने गया. वो इधर-उधर दौड़ता रहा और कूदता रहा, यहाँ तक कि वो थोड़ा उड़ा भी. अंत में उसने खुदको काफी गर्म महसूस किया. इसलिए वो ठंडा पानी पीने के लिए नदी पर गया.

Again his sister warned him:

“Don’t drink now, Cockie,

wait till you cool down.”

उसकी बहन ने उसे फिर से चेतावनी दी:

"अभी पानी मत पिओ कॉकी,

अपने शरीर के ठंडा होने तक प्रतीक्षा करो."

But Cockie did not heed her, he took a good long drink of that very cold water. Very soon he was feverish, he was hot and cold and felt very bad indeed; his sister could hardly get him home.

लेकिन कॉकी ने उसकी बात पर ध्यान नहीं दिया. वो बहुत सारा ठंडा पानी पी गया. जल्द ही उसे बुखार आ गया, उसे सर्दी-गर्मी होने लगी और सचमुच वो बहुत बुरा महसूस करने लगा. बड़ी मुश्किल से ही उसकी बहन उसे घर ले जा पाई.

She ran for the doctor who prescribed some very nasty medicine and made Cockie stay in bed for a long while.

वो डॉक्टर के पास भागी जिसने बहुत ही कड़वी दवाएं पीने को दीं जिससे कॉकी को लंबे समय तक बिस्तर पर पड़े रहना पड़ा.

It was winter by the time he was really well,

and the river was covered with ice.

जब तक वो स्वस्थ हुआ, तब तक सर्दी का मौसम

आ गया था और नदी बर्फ से ढक गई थी.

He wanted to go skating right away at once and again his sister warned him.

“Wait a bit, Cockie. Let the river get properly frozen. The ice is still thin, you can go through.”

कॉकी तुरंत स्केटिंग करने जाना चाहता था लेकिन फिर से उसकी बहन ने उसे चेतावनी दी.

“थोड़ा रुको, कॉकी. नदी के पाने को अच्छी तरह से जम जाने दो. बर्फ की तह अभी भी पतली है और तुम डूब सकते हो."

Again he did not heed her, and went skating.

And what happened The ice cracked.

The ice broke. And that was the end of Cockie.

इस बार भी कॉकी ने अपनी बहन की बात नहीं मानी और वो स्केटिंग करने चला गया. वहां पर क्या हुआ? बर्फ टूट गई और कॉकी पानी में डूब गया. इस तरह कॉकी का अंत हुआ.